दिन– शुक्रवार

दिनांक– 06 / 06 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से।

अवधि– 15 मिनट

---

01. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक बार फिर दोहराया – पहलगाम आतंकी हमले का इरादा भारत में दंगे करवाना था।

02. श्री मोदी ने कटरा में आयोजित समारोह में दुनिया के सबसे ऊंचे रेलवे आर्कब्रिज, चिनाब पुल का उद्‌घाटन किया।

03. आरबीआई ने नीतिगत रेपो दर में पचास आधार अंकों की कमी की। होम लोन, कार लोन और पर्सनल लोन होंगे सस्ते, इएमआई में आ सकती है कमी।

04. और, बिहार पुलिस के निलंबित एएसआई सरोज सिंह के समस्तीपुर और पटना स्थित ठिकानों पर हुई छापेमारी में एके–सैंतालीस राईफल समेत कई अत्याधुनिक हथियार और करोड़ों रूपए हुए बरामद।

---

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि भारतीय सैन्य बलों ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान अपने अदम्य साहस और शौर्य की बदौलत पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले जम्मू कश्मीर में आतंकी ठिकानों को तबाह कर दिया। आज कटरा में एक जनसभा को संबोधित करते हुए श्री मोदी ने कहा कि पाकिस्तानी फौज और आतंकियों ने कभी नहीं सोचा था कि भारत की सेना पाकिस्तान में घुसकर आतंकियों पर इस तरह से वार करेगी।

–––बाइट–––

प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि पाकिस्तान ने पहलगाम में इंसानियत और कश्मीरियत दोनों पर हमला किया। उनका इरादा भारत में दंगे कराने का था।

–––बाइट–––

श्री मोदी ने केंद्र की एनडीए सरकार के ग्यारह वर्ष पूरे होने का जिक्र करते हुए कहा कि सरकार ने समावेशी दृष्टिकोण के साथ समाज के हर वर्ग का कल्याण सुनिश्चित किया है। इस अवधि में पच्चीस करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से बाहर निकाला गया।

———बाइट———

इससे पहले, प्रधानमंत्री ने जम्मू–कश्मीर में दुनिया के सबसे ऊंचे रेलवे आर्क ब्रिज, चिनाब पुल और  उधमपुर–श्रीनगर–बारामूला रेल लिंक पर भारत के पहले केबल आधारित रेल ब्रिज, अंजी पुल का उद्‌घाटन किया। श्री मोदी ने कहा कि ये दोनों ब्रिज जम्मू कश्मीर की समृद्धि का जरिया बनेंगे।

———बाइट———

---

भारतीय रिजर्व बैंक ने नीतिगत रेपो दर में पचास आधार अंकों की कमी की है। अब रेपो दर साढे पांच प्रतिशत हो गई है। आरबीआई ने रेपो दर में लगातार तीसरी बार कटौती की है। रेपो दर में कमी से होम लोन, कार लोन और पर्सनल लोन पर ब्याज दरें कम होने की संभावना है। इससे ईएमआई में कमी आ सकती है। वरिष्ठ आर्थिक विशेषज्ञ शिशिर सिन्हा ने आकाशवाणी से बातचीत में कहा कि इस कटौती से अर्थव्यवस्था को फायदा होगा।

———बाइट———

दोनों ही प्रयासों की बदौलत बाजार में अतिरिक्त नगदी और वो भी कम ब्याज दर पर उपलब्ध हो सकती है। इससे शहरी इलाकों में खासतौर पर मांग बढ़ने की उम्मीद है और मांग बढ़ने से इसका सीधा–सीधा फायदा हमारी जो विकास दर जिसका अनुमान छह दशमलव तीन से छह दशमलव आठ फीसदी के रहने के बीच की बात है, वो उसको फायदा पहुंचेगा और सरकार भी यह कह रही है कि अगर शहरी इलाकों में भी खपत बढ़ जाए तो हमारी अर्थव्यवस्था जो है वो छह दशमलव आठ फीसदी तक बढ़ सकती है। तो रिजर्व बैंक के फैसले से हम ये उम्मीद कर रहे है कि मांग बढ़ेगी, खपत में तेजी आएगी और इसका फायदा पूरी अर्थव्यवस्था को देखने को मिलेगा।

---

बिहार पुलिस के निलंबित एएसआई सरोज सिंह के समस्तीपुर और पटना स्थित ठिकानों पर हुई छापेमारी में एके–सैंतालीस राईफल समेत कई अत्याधुनिक हथियार और करोड़ों रूपए बरामद किये गए। हमारे समस्तीपुर संवाददाता ने बताया कि जिले के मोहिउद्दीन नगर थाना क्षेत्र के सुल्तानपुर गंगा दियारा स्थित आवास पर पुलिस और एसटीएफ की टीम ने छापेमारी की।

———रिपोर्ट———

छापेमारी में भारी मात्रा में हथियार और कारतूस बरामद किए गए हैं। पुलिस ने एक एके–सैंतालीस राईफल, एक इंसास राईफल, एक कार्बाइन, एक रेग्यूलर राईफल, दो बंदूक समेत भारी मात्रा में कारतूस जब्त किया है। इस मामले में पुलिस ने सरोज सिंह समेत पांच अपराधियों को गिरफ्तार किया है। आकाशवाणी समाचार के लिए समस्तीपुर से कृष्ण कुमार।

इधर, सरोज सिंह की निशानदेही पर पुलिस ने उसके पटना और दानापुर स्थित तीन ठिकानों पर छापेमारी की। इस दौरान एक करोड़ चालीस लाख रूपए नकद, नोट गिनने की मशीन और दो करोड़ रूपए मूल्य के जमीन के चालीस एग्रीमेंट बरामद किये गए।

---

मधुबनी जिले के हरलाखी थाना में पदस्थापित सब–इंस्पेक्टर प्रमोद कुमार और चौकीदार का रिश्वत लेते एक वीडियो वायरल होने के बाद उसे निलंबित कर दिया गया है। पुलिस अधीक्षक योगेन्द्र कुमार ने बताया कि दोनों आरोपी पुलिसकर्मी पर एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई करने के निर्देश दिये गए हैं।

---

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने कहा है कि देश में जब तक जातीय जनगणना नहीं होती है, तब तक अनुसूचित जाति, जनजाति और पिछड़े समाज के लोगों को उनका अधिकार नहीं मिलेगा। श्री गांधी आज राजगीर में संविधान सुरक्षा सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे।

–––बाइट–––

इससे पहले, राहुल गांधी ने अपनी यात्रा की शुरूआत गयाजी के गहलौर से की। उन्होंने माउंटेन मैन दशरथ मांझी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। श्री गांधी ने दशरथ मांझी के पुत्र भगीरथ मांझी से भी मुलाकात की।

---

उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी के बिहार दौरे पर कहा है कि वे सिर्फ़ चुनाव के समय ही राजनीति में अपनी मौजूदगी दर्ज कराने के लिए बाहर निकलते हैं।

–––बाइट–––

---

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बीस जून को सीवान के प्रस्तावित दौरे को लेकर तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। इस सिलसिले में उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने आज सीवान पहुंचकर कार्यक्रम स्थल का

निरीक्षण किया। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष डॉक्टर दिलीप जायसवाल ने कहा कि सीवान में प्रधानमंत्री का कार्यक्रम ऐतिहासिक होगा।

–––बाइट–––

---

वरिष्ठ नेता और पूर्व विधान पार्षद सी.पी. सिन्हा का आज पटना एम्स में निधन हो गया। वे पिछले कुछ दिनों से बीमार चल रहे थे। उनके निधन पर राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा, विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव समेत विभिन्न दलों ने नेताओं ने गहरी शोक संवेदना जताई है।

---

हिमाचल प्रदेश के पुह में ड्यूटी के दौरान सारण जिला निवासी सेना के जवान देवकिशोर साह की मौत हो गई। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने इस हादसे पर गहरा शोक जताते हुए कहा है कि मृतक जवान के निकटतम आश्रित को राज्य सरकार की ओर से अनुमान्य सम्मान राशि दी जाएगी। श्री कुमार ने उनका अंतिम संस्कार पुलिस सम्मान के साथ कराने की घोषणा की है।

---

मधुबनी का प्रसिद्ध सौराठ सभा का आज संपन्न हो गया। यह सभा अट्ठाईस मई से शुरू हुई थी। सौराठ सभा में मैथिल ब्राह्मणों के वैवाहिक रिश्ते तय होते हैं। पंजीकार बिनोदानंद झा ने बताया कि इस बार सभा में तीस से पैंतीस वैवाहिक रिश्ते तय हुए।

–––बाइट–––

राज्य सरकार ने सौराठ सभा को राजकीय महोत्सव का दर्जा प्रदान किया है। इसके तहत इस बार सौराठ महोत्सव का आयोजन किया गया। महोत्सव में कई सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये गए।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर..........

01. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक बार फिर दोहराया – पहलगाम आतंकी हमले का इरादा भारत में दंगे करवाना था।

02. श्री मोदी ने कटरा में आयोजित समारोह में दुनिया के सबसे ऊंचे रेलवे आर्कब्रिज, चिनाब पुल का उद्‌घाटन किया।

03. आरबीआई ने नीतिगत रेपो दर में पचास आधार अंकों की कमी की। होम लोन, कार लोन और पर्सनल लोन होंगे सस्ते, इएमआई में आ सकती है कमी।

04. और, बिहार पुलिस के निलंबित एएसआई सरोज सिंह के समस्तीपुर और पटना स्थित ठिकानों पर हुई छापेमारी में एके–सैंतालीस राईफल समेत कई अत्याधुनिक हथियार और करोड़ों रूपए हुए बरामद।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।